दिन– गुरूवार

दिनांक– 22 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान सिवान में दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया।

02. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– राज्य के सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोले जायेंगे।

03. बोधगया में आज से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव शुरू। यह महोत्सव चौबीस जनवरी तक चलेगा।

04. और, बिहार और मणिपुर के बीच पटना में खेला जा रहा है रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप का फाइनल मुकाबला। पहले दिन बिहार ने सात विकेट के नुकसान पर तीन सौ अट्ठाइस रन बनाये।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान आज सिवान जिले में दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजेन्द्र स्टेडियम में जन संवाद सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर घर तक रोजगार के अवसर पहुंचे।

———बाइट———

समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने मैरवा स्थित निर्माणाधीन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज परिसर में जीविका सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने सीएचसी मैरवा, एएनएम कॉलेज मैरवा, निर्माणाधीन सिवान–मैरवा पथ और राजेंद्र स्टेडियम के पास जल जीवन हरियाली पार्क का भी निरीक्षण किया।

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य के सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोले जायेंगे। सीवान में मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा के दौरान सभा को सम्बोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा संरचना को व्यापक बनाने के लिए आधारभूत स्तर पर कार्य कर रही है। इसके लिए आदर्श मॉडल स्कूल बनाने का काम भी किया जा रहा है।

---बाइट---

---

राज्य के सभी प्राथमिक सरकारी स्कूलों में एकतीस जनवरी को शिक्षक और अभिभावक मीटिंग का आयोजन किया जायेगा। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियो को निर्देशित किया गया है। पत्र में कहा गया है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और प्रारंभिक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए अभिभावकों को पूरी तरह सक्रिय करना आवश्यक है। पीटीएम के दौरान शिक्षक, अभिभावकों को मोबाइल और सोशल मीडिया के लत से बच्चों को दूर रखने, उनके व्यवहार कुशलता और उनके मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर बातचीत करेंगे।

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि विभागीय कार्यवाही में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। श्री सिन्हा ने आज पटना के सगुना मोड़ स्थित सीएससी के रिजनल सेंटर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने टॉल फ्री नंबर को लेकर जनता की शिकायतों की स्वयं जांच की।

---बाइट----

---

राज्य में छह मार्च से बीस मार्च तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आज पटना में सवांददाताओं से बातचीत करते हुए ये घोषणा की। उन्होंने कहा कि जनसंख्या स्थिरीकरण और परिवार

नियोजन साधन की उपलब्धता बढ़ाने और जन जागरूकता को लेकर व्यापक अभियान चलाया जायेगा। इसमें आशा, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी और विकास मित्रों के सहयोग से जन भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले तेईस फरवरी से पांच मार्च तक दम्पति संपर्क सप्ताह भी मनाया जायेगा।

---

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने आज नई दिल्ली में नेशन फर्स्ट पॉलिसी रिसर्च सेंटर की ओर से सांसदों और विधायकों के लिए आयोजित कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला में दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने में सांसदों और विधायकों की भूमिका पर चर्चा की गई।

---

जदयू ने मुम्बई में प्रस्तावित बिहार भवन के निर्माण को लेकर एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे के विरोध को घटिया राजनीति बताया है। जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि मुम्बई देश की आर्थिक राजधानी है और यहां बिहार के लोगों की सहायता के लिए बिहार भवन हर हाल में बनाया जायेगा।

———बाइट———

---

राज्य के विभिन्न राननीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं की सुरक्षा की समीक्षा के बाद उन्हें दी जाने वाली सुरक्षा श्रेणी में बदलाव किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जायेगी। वहीं, तेजस्वी यादव, गिरिराज सिंह को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी जायेगी। इधर, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायन चौधरी और अशोक राम समेत विभिन्न नेताओ की सुरक्षा हटा ली गई है।

---

बोधगया में आज से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव शुरू हो गया है। केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कालचक्र मैदान में चौबीस जनवरी तक चलने वाले महोत्सव का उद्‌घाटन किया। कार्यक्रम की शुरूआत वितयनाम और थाईलैंड के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुई। मशहुर पार्श्व गायक जावेद अली ने भी अपनी प्रस्तुति दी। भगवान बुद्ध की शिक्षाओं–शांति, अहिंसा और करुणा के संदेश को प्रसारित करने के उद्‌देश्य से आयोजित महोत्सव में भारत, जापान, लाओस, इंडोनेशिया, श्रीलंका, वियतनाम और थाईलैंड के कलाकार भाग ले रहे हैं।

---

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के आज 11 वर्ष पूरे हो गए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत में बेटियों को लक्ष्मी के समान पूजा जाता है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि आज देश की बेटियां हर क्षेत्र में रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

देश में लैंगिक असंतुलन और गिरते लिंगानुपात की गंभीर समस्या के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी, 2015 को हरियाणा के पानीपत से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना ने सरकार, नागरिक समाज, मीडिया और आम जनता को एक साथ जोड़ते हुए लैंगिक भेदभाव के खिलाफ एक व्यापक अभियान को मजबूती दी है। इससे बेटी के महत्व को लेकर सामाजिक सोच में सकारात्मक बदलाव आया है और उसके अधिकारों सम्मान तथा अवसरों को सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस प्रयास हुए हैं। बेटी बचाओ, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंगानुपात बढ़कर 930 हो गया है जो वर्ष 2014–15 में 918 था। बालिका के जन्म की सुरक्षा से लेकर उसके शिक्षा के माध्यम से सशक्तिकरण तक यह योजना समानता और समावेशन की दिशा में एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में निरंतर आगे बढ़ रही है। अनुपम मिश्र के साथ अंकित कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने आज दरभंगा राज परिवार की अंतिम महारानी कामसुंदरी देवी के बारहवीं के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया। दरभंगा के कामेश्वरनगर स्थित कल्याणी निवास परिसर में आयोजित द्वादश श्राध कार्यक्रम में उन्होंने दिवंगत महारानी की चित्र पर पुष्ण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने राज परिवार के योगदान को याद करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस

परिवार का अविस्मरणीय योगदान रहा है। श्राद्ध कार्यक्रम में देशभर के साधु–संत, कई राज घरानों के प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

---

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव कम होने से राज्य के विभिन्न भागों में ठंढ में कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश स्थानों पर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। वहीं राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों के कुछ स्थानों में न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा। वहीं, छब्बीस जनवरी के बाद पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। किशनगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां का न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

इधर, ठंड के मदेनजर पटना जिले में सभी स्कूलों में सुबह नौ बजे से पहले पठन–पाठन पर लगा प्रतिबंध चौबीस जनवरी तक जारी रहेगा। जिलाधिकारी डाक्टर त्यागराजन एस.एम ने आदेश जारी कर स्कूल प्रबंधनों को निर्धारित समय सीमा के भीतर स्कूलों के संचालन के लिए निर्देशित किया है।

---

पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में बिहार और मणिपुर के बीच रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप का फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। कप्तान सकीबुल गनी के शानदार शतक की बदौलत बिहार ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट खोकर तीन सौ अट्ठाईस रन बना लिया है। विपिन सौरभ पचहत्तर रन और खालिद आलम अठारह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। फाइनल मुकाबले में जीत से बिहार एलिट ग्रुप में प्रवेश करेगा।

---

वसंत पंचमी का त्योहार कल प्रदेशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा–अर्चना की जाती है। इसे लेकर विभिन्न शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और सांस्कृतिक समूहों ने विशेष तैयारी की है। विभिन्न स्थानों पर पूजा पंडाल बनाए गए है। बाजार में पूजा सामग्री, सजावटी समान और फल–फूल की ,खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमर रही है। इधर, पूजा को देखते हुए प्रदेशभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। पूजा समितियों को अनिवार्य रूप से लाइसेंस लेने का निर्देश दिया गया है। साथ ही विसर्जन जुलूस में डीजे बजाने पर पाबंदी लगा दी गई है।

---

सीवान जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बडरम गांव में पटाखा बम बनाने के दौरान विस्फोट की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई अन्य लोग घायल हो गये। धमाके की आवाज से आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। आसपात के इलाकों के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

---

पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया के जीएमसीएच परिसर में जूनियर डाक्टरों और मरीज के परिजनों के बीच मारपीट की घटना में कई लोग घायल हो गये है। दोनों ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है।

---

पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र में पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ हुई है। इस दौरान कुख्यात अपराधी परमानंद यादव पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया है। उसे पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

शेखपुरा जिले के अरियरी प्रखंड अंतर्गत हुसैनाबाद गांव में छात्र–छात्राओं को मशरूम उत्पादन और प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में उद्योग वार्ता स्टार्टअप संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने नवाचारियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं के निराकर का आश्वासन दी है।

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान सिवान में दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया।

02. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– राज्य के सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोले जायेंगे।

03. बोधगया में आज से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव शुरू। यह महोत्सव चौबीस जनवरी तक चलेगा।

04. और, बिहार और मणिपुर के बीच पटना में खेला जा रहा है रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप का फाइनल मुकाबला। पहले दिन बिहार ने सात विकेट के नुकसान पर तीन सौ अट्ठाइस रन बनाये।

---

समाप्त